# हरियाणा विधान सभा

## सातवां सत्र (अगस्त सत्र 2026)

## तारांकित प्रश्न

## 27 अगस्त 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**सिंचाई जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना**

*1 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कपृया बताएंगे किः -

(क) क्या यह तथ्य है कि भिवानी उप-शाखा नहर तथा काहनौर रजबाहा में नियमित आधार पर प्रतिमाह सिंचाई जल छोड़ा जाता है;

(ख) यदि हां, तो पिछले एक वर्ष के दौरान उपरोक्त प्रत्येक नहर में माह-वार कितने दिनों के लिए पानी छोड़ा गया था;

(ग) वे कारण क्या हैं जिससे उपरोक्त रजबाहों में तय सिंचाई समय सारिणी के अनुसार पानी नहीं छोड़ा गया था तथा उपरोक्त रजबाहों में सिंचाई के पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या पग उठाए गए हैं?

----

**मेट्रो विस्तार परियोजना की वर्तमान स्थिति**

*2 **श्री राजेश जून ( बहादुरगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) गांव सांखोल से आसौदा मोड़ तक बहादुरगढ़ मेट्रो विस्तार परियोजना के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) सरकार द्वारा उपरोक्त मेट्रो लाइन विस्तार का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**रसायन युक्त पानी के अन्तर्वाह को रोकना**

*3 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या पर्यावरण, वन तथा वन्य जीव मंत्री कपृया बताएंगे किः -

क) राजस्थान राज्य के भिवाड़ी से रेवाड़ी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के औद्योगिक शहर धारूहेड़ा में रसायन युक्त पानी के अन्तर्वाह को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**जल उपचार संयंत्र स्थापित करना**

*4 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली आगरा नहर तथा गौंछी लिंक ड्रेन में उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट तथा बिना उपचारित सीवरेज को छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण जल प्रदूषण से आसपास के क्षेत्रों में कैंसर, काला पीलिया जैसी बीमारियां फैल रही हैं तथा कृषि फसलों को नुकसान हो रहा है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त नहर तथा ड्रेन दोनों में जल उपचार संयंत्रों को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालयों के काम काज को सुधारना

*5 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकार ने 1,107 निजी विद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया है; यदि हाँ, तो उसके कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपरोक्त विद्यालयों को बंद करने के बजाय उनके कामकाज में सुधार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हाँ, तो उपरोक्त विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षा को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा क्या नीति बनाई गई है?

----

## दीर्घकालिक बीमारियों (क्रोनिक डिसीज़) के कारण हुई मृत्यु का ब्यौरा

*6 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) वर्ष 2019 से राज्य में हृदय संबंधी बीमारियों के कारण हुई मृत्यु की जिला-वार तथा माह-वार संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2019 से राज्य में फेफड़ों संबंधी बीमारियों के कारण हुई मृत्यु की जिला-वार तथा माह-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2019 से राज्य में कैंसर संबंधी बीमारियों के कारण हुई मृत्यु की जिला-वार तथा माह-वार संख्या कितनी है; तथा

(घ)वर्ष 2019 से राज्य में हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-ई, ई. कोलाई संक्रमण तथा टाइफाइड के दर्ज मामलों की जिला-वार तथा माह-वार संख्या कितनी है?

----

## पश्चिमी यमुना नहर पर छठ पूजा के लिए घाट का निर्माण करना

***7 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की घोषणा के अनुसार पश्चिमी यमुना नहर पर सरकार द्वारा छठ पूजा घाट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त घाट का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## अस्पतालों का निर्माण कार्य पूरा करना

*8 **श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) महेंद्रगढ़ तथा सतनाली के नागरिक अस्पतालों के निर्माण कार्यों की निविदाएं किस दिनांक को जारी की गई थी तथा सरकार द्वारा कितनी राशि स्वीकृत की गई थी तथा अब तक इस पर कितना व्यय किया गया है; तथा

(ख) उपरोक्त अस्पतालों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**बरसाती पानी (स्टॉर्म वाटर) निकासी परियोजना का कार्य पूरा करना**

*9 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि सिरसा शहर में बरसाती पानी (स्टॉर्म वाटर) निकासी परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य पिछले 8 से 10 महीनों से चल रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं तथा कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे यातायात संचलन प्रभावित हो रहा है तथा आम जनता को असुविधा हो रही है;

(ख) यदि हां, तो आगामी मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण करने तथा उपरोक्त परियोजना को जितना जल्दी संभव हो पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा इन सभी सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उपरोक्त कार्य के निष्पादन में देरी तथा समय पर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न करने के लिए संबंधित एजेंसी/ठेकेदार के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है या की जानी प्रस्तावित है तथा उपरोक्त परियोजना के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**मेडिकल एवं पैरामेडिकल अमले के रिक्त पदों को भरना**

*10 **श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएगें कि:-

(क) आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्तमान में कार्यरत स्वास्थ्य संस्थानों जैसे औषधालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नागरिक अस्पतालों की संख्या कितनी है तथा इनमें से प्रत्येक संस्थान में मेडिकल एवं पैरामेडिकल अमले की स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान में भरे हुए पदों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या उपरोक्त स्वास्थ्य ईकाईयों में मेडिकल एवं पैरामेडिकल अमले के रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

**विशेष कौशल विकास पाठ्यक्रम (कोर्स) शुरू करना**

*11 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में छठी कक्षा के बाद कोई विशेष कौशल विकास पाठ्यक्रम (कोर्स) शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**मारकंडा नदी से गाद निकालने के कार्य का ब्यौरा**

*12 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) उन किला नंबरों तथा खसरा नंबरों के ब्यौरे क्या हैं जिसमें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा मारकंडा नदी की गाद निकालने का कार्य दिया गया था तथा गाद निकालने के कार्य की निर्धारित लम्बाई, चौड़ाई तथा गहराई का ब्यौरा क्या है;

ख) क्या गाद निकालने का कार्य स्वीकृत विनिर्देशनों के अनुसार किया गया था या क्या गाद निकालने की आड़ में खनन किया गया था; तथा

ग) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त कार्य स्वीकृत विनिर्देशनों के अनुसार किया गया था; यदि हाँ, तो जुलाई, 2026 में कठवाह, मुगल माजरा, तंगौर, कलसाना, मैमन माजरा तथा झरोली गाँवों में अचानक आई बाढ़ के कारण हज़ारों एकड़ कृषि भूमि के जलमग्न होने के कारण क्या थे?

----

**मंसूरपुर लिफ्ट सिंचाई योजना का ब्यौरा**

*13 **श्री निर्मल सिंह मोहडा (अंबाला शहर):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) मंसूरपुर लिफ्ट सिंचाई योजना के अंतर्गत जल की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उपरोक्त योजना का पर्याप्त जल अंतिम छोर तक पहुँच रहा है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

**अधिकारियों को उच्चतर समयमान प्रदान करने की प्रक्रिया एवं मानदंड**

*14 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों को अन्य राज्यों की समकक्ष सिविल सेवाओं के समान उच्चतर समयमान प्रदान करने की प्रक्रिया एवं मानदंड क्या हैं; तथा

(ख) क्या इस प्रकार प्रदान किए गए उच्चतर समयमान को सेवा लाभों एवं कैरियर में प्रगति के प्रयोजन के लिए नियमित पदोन्नति के रूप में माना जाता है?

----

**कॉलोनियों/बस्तियों का पुनर्वासन**

*15 **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः

क) क्या यह तथ्य है कि नारनौंद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में गांव के तालाबों (जोहड़) की जमीन पर बसी कॉलोनियों को हटाने के लिए सरकार द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं, यदि हां, तो उन गांवों का ब्यौरा क्या है;

ख) क्या ऐसी ज़मीन पर बसी उपरोक्त कॉलोनियों/बस्तियों के पुनर्वासन का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा

ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

**जलापूर्ति अवधि को बढ़ाना**

*16 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या किसानों के खेतों तथा गांवों के तालाबों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल सुनिश्चित करने के लिए बोंद रजबाहा तथा दादरी रजबाहा में जलापूर्ति की अवधि को 8 दिन से बढ़ाकर 16 दिन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**विश्वविद्यालय का नाम बदलना**

*17 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या एन.आई.टी.फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

**चिकित्सकों तथा पैरा मेडिकल अमले के रिक्त पदों को भरना**

*18 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ में रेडियोलॉजिस्ट की कमी है ; यदि हां ,तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है;

ख)उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय में उपलब्ध कार्डियोलॉजी, ऑनकॉलजी, नेफ्रोलॉजी तथा अन्य उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है ;

ग) अप्रैल, 2025 से जून ,2026 तक की अवधि के दौरान उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय में की गई सर्जरी का विभाग वार ब्यौरा क्या है ;

घ) अप्रैल ,2024 से जून ,2026 तक राज्य में चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल अमले के रिक्त पदों का जिला वार ब्यौरा क्या है; तथा

ङ) क्या उपरोक्त रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**पेयजल की समस्या का समाधान करना**

*19 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या जन स्वाथ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएगें कि: -

क ) क्या जुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के करसोला, किला ज़फरगढ़, पौली, जुलाना टाउन, करेला, खेड़ा बख्ता, शामलो कलां, लजवाना कलां, किनाना, बीबीपुर, भैरों खेड़ा, सिंधवी खेड़ा तथा सुंदरपुर गांवों में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार किए गए अनुमान को स्वीकृति प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उपरोक्त अनुमान कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है; तथा

ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**कच्चे रास्तों को पक्का करना**

*20 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कलायत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव दुब्बल को गांव लांबा खेड़ी से जोड़ने वाला रास्ता कच्चा है;

(ख) क्या उपरोक्त रास्ते को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त रास्ते को कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----